Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:15 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:44 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 140 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 24 नवंबर 2026

फिल्म चोर निकल के भागा 2...पेज-3 पर

News कॉर्नर

पार्किंग को लेकर विवाद, युवक ने की पांच राउंड फायरिंग

देहरादून। गाड़ी पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने करीब पांच राउंड गोलियां चलाईं। गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों में छिप गए। घटना के दौरान कुछ लोगों ने अपने मोबाइल में वीडियो भी बना लिया। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष देर रात तक कोतवाली में मौजूद रहा। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रभारी कोतवाली रायवाला मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है ।

वायरल ऑडियो मामला पूर्व विधायक ठुकराल को दो बार नोटिस

रुद्रपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित ऑडियो मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को वॉइस सैंपल देने के लिए दो बार नोटिस भेजा है। पुलिस का कहना है कि इसके बावजूद अब तक ठुकराल ने पुलिस को उनका वॉइस सैंपल नहीं सौंपा है। सीओ विभव सैनी ने बताया कि 27 जनवरी 2026 को मीना शर्मा ने कोतवाली रुद्रपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और उनके एक साथी ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कीं और अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान विवेचक ने वायरल ऑडियो से जुड़े मूल वॉइस सैंपल जुटाने के साथ ही गवाहों के बयान भी दर्ज किए। ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज की पहचान और पुष्टि के लिए पूर्व विधायक का वॉइस सैंपल आवश्यक माना गया।

प्रदेश कांग्रेस का चुनावी अभियान अटका, राहुल और प्रियंका का इंतजार

देहरादून

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो रही है। कांग्रेस प्रदेश में बड़े चेहरों के जरिए चुनावी माहौल बनाने की रणनीति पर काम कर रही है, लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व से कार्यक्रम तय न होने के कारण पार्टी की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

उत्तराखंड की सियासत में पिछले 10 साल से सत्ता से बाहर कांग्रेस 2027 में वापसी के लिए नए प्रयोग करने की तैयारी में है, लेकिन वरिष्ठ नेताओं से रैली की तारीख न मिलने के कारण उनका प्रचार शुरू ही नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस ने चुनाव माहौल बनाने के लिए पौड़ी, अल्मोड़ा व हरिद्वार जिले में पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे की रैली का प्रस्ताव अक्टूबर माह में राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा है लेकिन अभी तक राष्ट्रीय नेताओं की ओर से रैलियों के लिए तारीख नहीं मिली है। हालांकि 17 जुलाई 2026 को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए राहुल गांधी गांधी देहरादून आए थे। इससे पहले चार जून को अल्मोड़ा व पौड़ी कार्यक्रम में खराब मौसम के कारण राहुल गांधी को पंतनगर एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा था। अब प्रदेश कांग्रेस को चुनाव प्रचार में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय नेताओं की रैली का कार्यक्रम बनाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी कई बार में राष्ट्रीय नेतृत्व से भी रैलियों का शेड्यूल तय करने का आग्रह कर चुके हैं। वहीं, भाजपा ने लगातार तीसरी जीत के लिए संगठनात्मक स्तर पर बूथ स्तर पर पहुंचने की रणनीति बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय नेता भी लगातार उत्तराखंड का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ चुनावी रणनीति को धार दे रहे हैं। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा लगातार उत्तराखंड का दौरा करने के साथ पार्टी नेताओं के साथ चुनाव रणनीति बना रही है। प्रभारी पार्टी कार्यक्रम के साथ विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हो रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश के नेता भ्रष्टाचार, अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन राष्ट्रीय नेताओं से समय न मिलने के कारण चुनाव प्रचार को धार नहीं मिल रही है।

अमित शाह ने बादल का किया स्वागत

पंजाब चुनाव: भाजपा और शिअद के बीच होगा गठबंधन

नई दिल्ली

एजेंसी



पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन की आज घोषणा हो सकती है। दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और शिअद के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल आज एक बजे संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इसके चलते भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन हो सकता है। इसका एलान आज हो सकता है। पंजाब के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता और शिअद के नेता दिल्ली में मौजूद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। इस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी उनके साथ होंगे। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल भी इस संयुक्त आयोजन का हिस्सा बनेंगे। यह प्रेस वार्ता आज दोपहर करीब 1 बजे आयोजित की जाएगी। इसका स्थान भाजपा मुख्यालय तय किया गया है। तीनों नेता मिलकर मीडिया को संबोधित करेंगे। वे विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अकाली दल और भाजपा के गठबंधन की संभावनाएं जताई जा रही थीं। पंजाब की राजनीति में शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी की दोस्ती का इतिहास करीब तीन दशक पुराना है। इस रिश्ते की नई राजनीतिक शुरुआत 1996 की मोगा घोषणा से हुई थी। तत्कालीन अकाली दल अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल ने मोगा में पार्टी की विचारधारा को व्यापक स्वरूप देते हुए पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत का नारा दिया। इसके बाद अकाली दल ने भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन का रास्ता अपनाया।

दोनों दलों ने 1997 का विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा और शानदार जीत हासिल कर पंजाब में सरकार बनाई। इस गठबंधन ने अलग-अलग कार्यकाल में कुल 15 साल पंजाब की सत्ता संभाली।

देहरादून: पूर्व विधायक सुरेश राठौर का आज गांधीनगर में नार्को टेस्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता

अंकिता भंडारी हत्याकांड में वायरल ऑडियो और उससे जुड़े दावों की जांच के बीच पूर्व विधायक सुरेश राठौर का नार्को टेस्ट कराया जा रहा है। अभिनेत्री उर्मिला सनावर के बाद अब राठौर भी इस प्रक्रिया से गुजरेंगे। सोमवार को गांधीनगर रवाना हुए सुरेश राठौर ने भी जांच में पूरा सहयोग करने की बात कही है।

अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच में अब पूर्व विधायक सुरेश राठौर का नार्को टेस्ट अहम कड़ी बनने जा रहा है। अभिनेत्री उर्मिला सनावर के बाद राठौर भी नार्को टेस्ट के लिए तैयार हो गए। सोमवार को वह गुजरात के गांधीनगर के लिए रवाना हो गए। उनका नार्को टेस्ट 24 नवंबर को होना है। रवाना होने से पहले उन्होंने सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करने की बात कहते हुए वीडियो जारी किया।

अंकिता भंडारी प्रकरण में सामने आए कुछ ऑडियो के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो को लेकर दावा किया गया था कि इनमें सुरेश राठौर और अभिनेत्री उर्मिला सनावर के बीच बातचीत है। बातचीत में अंकिता प्रकरण से जुड़े कुछ दावे किए जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद उत्तराखंड में इस मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चाएं तेज हो गई थीं।

ऑडियो प्रकरण के बाद सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के खिलाफ हरिद्वार और देहरादून में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के सिलसिले में सीबीआई की टीम हरिद्वार पहुंचकर पूर्व विधायक सुरेश राठौर से पूछताछ कर चुकी है।वहीं, जेल से बाहर आने के बाद उर्मिला सनावर ने देहरादून में सीबीआई के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए थे। अब सीबीआई दोनों का नार्को टेस्ट कराने की प्रक्रिया में जुटी है। 24 नवंबर को होने वाले नार्को टेस्ट के लिए सोमवार की सुबह सुरेश राठौर गुजरात के लिए रवाना हो गए।

पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय मिलना चाहिए और इसके लिए जांच एजेंसी जो भी प्रक्रिया अपनाएगी, उसमें वह सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीआई की ओर से उन्हें नोटिस प्राप्त हो चुका है। वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत नार्को टेस्ट कराने के लिए गांधीनगर जा रहे हैं। उन्होंने सीबीआई जांच का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें जांच में सहयोग करने से कोई आपत्ति नहीं है।

आशाओं का धरना 13वें दिन भी जारी, आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

अल्मोड़ा/बागेश्वर

हमारे संवाददाता

मांगों पर सुनवाई नहीं होने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं का आंदोलन सोमवार को 13वें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांगे पूरी करने की आवाज उठाई।

आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी होने के बावजूद उन्हें उचित मानदेय नहीं मिल रहा है। वे लंबे समय से अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रही हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने न्यूनतम निश्चित मानदेय तय करने, राजकीय कर्मचारी घोषित कर नियमित करने, सेवा संबंधी सभी लाभ देने और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की व्यवस्था लागू करने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष विजय लक्ष्मी, नीमा जोशी, दया आर्या, गीता जोशी, भगवती आर्या, चंपा पांडे, ममता भट्ट, अंजुम, गीता लाल आदि मौजूद रहीं।

उधर बागेश्वर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आठ सूत्री लंबित मांगों के लिए आंदोलन जारी है। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक वे चुप नहीं बैठेंगी।

भारत-नेपाल की एकता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है झंकैया मेला: धामी

खटीमा। खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरु पर्व पर झंकैया मेले में पहुंचकर लोगों को शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा के पास लगने वाला यह मेला दोनों देशों के बीच एकता को बढ़ावा देने के साथ व्यापारियों और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच देता है। पीलीभीत, बरेली, रामपुर, बदायूं और पूरनपुर समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचते हैं।

भाजपा की समरसता यात्रा आज पहुंचेगी उत्तराखंड

देहरादून

हमारे संवाददाता



संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा देशभर में यात्रा निकाल रही है। उत्तराखंड में भी इस यात्रा के स्वागत और विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी की गई है।

संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर निकाली जा रही अखिल भारतीय समरसता यात्रा आज मंगलवार को उत्तराखंड पहुंचेगी। यात्रा का कुल्हाल गेट विकासनगर में स्वागत होगा। इसके बाद यात्रा देहरादून, ऋषिकेश एवं हरिद्वार होते हुए रुड़की के धनौरी पहुंचेगी। जहां विशाल जनसभा आयोजित होगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर घुनियाल ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, झाझरा, प्रेमनगर, देहरादून, मजरी ग्रांट, हर्रावाला, नेपाली फार्म, ऋषिकेश एवं हरिद्वार होते हुए धनौरी पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। धनौरी जनसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा शिवेश कुमार राम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित प्रदेश के मंत्री, विधायक एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। घुनियाल ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत करें। गुरु रविदास के समरसता एवं मानव कल्याण के संदेश को आत्मसात करें। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह-संयोजक कुलदीप रावत, प्रदेश सह-संयोजक समरसता यात्रा सीताराम भट्ट, प्रदेश मोर्चा कार्यालय प्रभारी दयाराम एवं जिला प्रभारी रुद्रप्रयाग और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित मोहन उपस्थित रहे।

संस्कृत की साधना से राष्ट्रीय खेल मंच तक पीपीजे की दोहरी कामयाबी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान बना पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय नैनीताल के विद्यार्थियों ने संस्कृत एवं खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर न केवल विद्यालय बल्कि नैनीताल जिले का विशेष गौरव भी बढ़ाया है। एक ओर संस्कृत की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला वहीं दूसरी ओर मंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।



बता दें कि खेल के मैदान में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। मंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने देशभर की प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, तालमेल और संघर्षशीलता का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त यह सफलता विद्यालय की सुदृढ़ खेल परंपरा और खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम को दर्शाती है।

उत्तराखंड संस्कृत संस्थान हरिद्वार द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग और उत्कृष्ट प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें राज्यस्तर पर नैनीताल जनपद का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह कामयाबी विद्यार्थियों की निरंतर साधना, संस्कृत के प्रति समर्पण तथा आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने दोनों कामयाबियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ये सफलताएँ विद्यालय की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेल संबंधी गतिविधियों के संतुलित प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा की आत्मा है और खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व व आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी की अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर उसे उत्कृष्टता के शिखर तक पहुँचाना है विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने कहा कि एक ही समय में संस्कृत जैसी सांस्कृतिक विधा में जनपद का प्रतिनिधित्व करना और राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता बनना विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। विद्यालय में सोमवार को वंदना सत्र में राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश एवं शैक्षिक प्रभारी उमेश शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय परिवार ने इस दोहरी कामयाबी पर विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों, संस्कृत आचार्यों एवं समस्त मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा से विद्यालय और देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन करते रहेंगे।

दिवंगत शिक्षिका के परिवार को मिली आर्थिक मदद

नैनीताल। देवभूमि उत्तराखंड में शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए शुरू की गई टीएसएसीटी उत्तराखंड ने अपने पहले सहयोग अभियान में एक सराहनीय पहल करते हुए कुमाऊं मंडल के ऊधमसिंहनगर जिले के बलौकि जसपुर में कार्यरत दिवंगत शिक्षिका जागृति सिंह के परिवार को 6 लाख 42 हजार 131 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। बता दें राज्य के सभी जनपदों के शिक्षकों ने नामिनी के खाते में सीधे ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर किये। हर शिक्षक ने 250 रुपये का योगदान दिया । यह कदम केवल आर्थिक मदद नहीं बल्कि शिक्षक एकता, आपसी विश्वास और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरणादायक उदाहरण है। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक विवेकानंद जी के नेतृत्व में टीएसएसीटी उत्तराखंड की स्थापना की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विपरीत परिस्थितियों जैसे गंभीर बीमारी या असामयिक निधन में शिक्षक परिवारों को मजबूत संबल देना है। सह संस्थापक एवं महामंत्री सुधेश पांडे, सह.संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष संजीव रजक तथा उत्तराखंड राज्य के प्रभारी सुमन भटोनिया, विपुल मिश्रा और महप्रभारियों सुधीश पारासरी व अभिषेक गौरव के मार्गदर्शन में संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है।



नैनीताल में तीन स्कूलों में बच्चों को किया गया बैग का वितरण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रकृति रिसाइकिलिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोमवार को नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को बैग वितरित किए गए।

बता दें बैग वितरण कार्यक्रम राजकीय बालक उच्चतर प्राथमिक विध्यालय तल्लीताल, राजकीय कन्या उच्चतर प्राथमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय तल्लीताल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और रिसाइकिलिंग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई इस अवसर पर जनप्रतिनिधि के रूप में भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, नगर पालिका सभासद भगवत सिंह रावत, जिले में खेल प्रकोष्ठ से शैलेंद्र बरगली,जिले में मंत्री के रूप में संतोष कुमार और पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे,वहीं स्कूलों की ओर से शिक्षक अनिल कत्यूरा, उज्ज्वला चौधरी, रेखा मनराल, मुक्ता बिष्ट, कमला बिष्ट व भावना सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

नैनीताल के सैनिक स्कूल में पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में सोमवार को पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 150 पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया ।

इससे पूर्व समारोह में विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया, तदोपरान्त पूर्व छात्रों के परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।कार्यक्रम में पूर्व छात्र अनिल नेगी ने संगीत का समा बांधा उसके अलावा पूर्व छात्रों ने भी संगीतमय प्रस्तुति दी और उन्होंने स्कूल मे बिताये पलों की खट्टी मीठी यादों को साजा किया । समारोह मे पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय को आर्थिक सहयोग भी दिया तथा भविष्य मे देते रहने का वायदा किया गया। इस विशेष मौके पर पूर्व छात्रों ने विद्यालय की पूर्व छात्र संगठन की नई कार्यकारण का गठन किया जिसमे संरक्षक मण्डल में श्रीमती शान्ति मेहरा, ज्योति प्रकाश, विज्ञान सिंह मेहता, प्रो.नीता बोरा शर्मा शामिल किए गए। इसके अलावा अध्यक्ष डा. मनोज सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साह, सचिव डा. महेन्द्र सिंह राणा तथा कोषाध्यक्ष सुमित खत्री, उप सचिव दीपक कुमार भोलू जबकि कार्यकारणी सदस्यों में रोहित गर्ग, गोविन्द सिंह बोरा, चेतन बलुटिया, महेश, हरदयाल, डा0. उर्मिला तथा कैलाश जोशी को मनोनीत किया गया।प्रधानाचार्य विज्ञान सिंह मेहता द्वारा सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन प्रबोध सती व दीपक कुमार भोलू ने किया। अंत में कालेज के प्रबंधक ज्योति प्रकाश ने सभी का आभार जताया।



NEWS / फटाफट

हाईकोर्ट ने दी याचिकाकर्ता संतों को अंतरिम राहत

नैनीताल। हरिद्वार के श्रीराम मंदिर भूपतवाला की संपति और मंदिर के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता संतों को अंतरिम राहत दी है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ताओं को संबंधित एफ आईआर के आधार पर अगली सुनवाई तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को मंदिर की संपति पर कब्जे और उसके उपयोग से जुड़ा दीवानी विवाद माना है।

प्रकृति प्रेमी यामिनी ने महिला संगीत में किया पौधरोपण



नैनीताल। उत्तराखंड ऋति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूत्र पौधारोपण अभियान 8600वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 8600वें दिन पौधारोपण को जन्मदिन से जोड़ते हुए डीडीहाट के आकोट भूमिया थल निवासी सरपंच नवीन खड़ायत टुडे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।नवीन ने कहा कि वह अपने हर जन्मदिन पर पौधारोपण करते हैं और इस अभियान से जुड़कर सौभाग्यशाली हैं। कार्यक्रम में डिगर सिंह कन्याल, किरन चूफ ाल व उमा बसेड़ा उपस्थित रहे। पौधारोपण अभियान को विवाह समारोह से जोड़ते हुए चुकेडी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी की पौत्री व शशि शेखर कापड़ी की पुत्री यामिनी ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए महिला संगीत के अवसर पर अपने माता.पिता के आशीर्वाद के साथ पौधारोपण किया। सुशीला कापड़ी व शशि शेखर कापड़ी ने कहा कि वह अब इस पौधे की देख.रेख यामिनी समझकर करेंगे। विवाह समारोह में शामिल सभी लोगों ने दिनेश गुरु रानी की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में चुकेडी के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी, राम सिंह, जनार्दन उप्रेती, जगत मेहता, मदन पोखरिया, चंद्रशेखर पुनेरा, दिनेश उप्रेती, गोविंद सिंह, गिरीश जोशी व दिलीप धामी उपस्थित रहे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

प्रशासनिक टीम ने कार्यालय पहुंचकर बंद पड़े ईई कक्ष का ताला तुड़वाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सिंचाई खंड नैनीताल में अधिशासी अभियंता का कार्यभार हस्तांतरित कराने को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने कार्यालय पहुंचकर बंद पड़े अधिशासी अभियंता कक्ष का ताला वैधानिक प्रक्रिया के तहत तुड़वा दिया।



उत्तराखंड शासन के सिंचाई अनुभाग-1 देहरादून की ओर से 19 नवंबर 2026 को जारी आदेश के तहत अधिशासी अभियंता बृजेंद्र कुमार की तैनाती सिंचाई खंड नैनीताल में की गई थी। उन्होंने 21 नवंबर को कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अपनी योगदान सूचना भी प्रस्तुत कर दी थी। इस बीच नए अधिशासी अभियंता बृजेंद्र कुमार ने 21 नवंबर को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यभार हस्तांतरण में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि पूर्व अधिशासी अभियंता डीके सिंह से 20 नवंबर को दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद 21 नवंबर को कार्यालय पहुंचकर भी उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने पत्र में बताया कि अधिशासी अभियंता का कक्ष बंद है और उसकी चाबी पूर्व अधिशासी अभियंता अपने साथ ले गए हैं। इसके चलते उन्हें कार्यालय का कार्यभार संभालने में परेशानी हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर चार्ज हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया था। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने कार्यालय पहुंचकर बंद कक्ष का ताला तुड़वाया। तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने नियमानुसार फोटोग्राफी कराते हुए वैधानिक प्रक्रिया के तहत कक्ष का ताला खुलवाया है।

हाईकोर्ट ने विधायक धामी और टोलिया की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने विधायक हरीश धामी और मनोहर टोलिया की गिरफ्तारी पर रोक और दर्ज मुकदमे को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने अरुनेश कुमार बनाम बिहार राज्य में पारित आदेश के अनुसार उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि पुलिस ने उनके और कई अन्य लोगों के खिलाफ 15 नंबर को मुकदमा दर्ज किया जिसमे पुलिस ने उन्हें भारतीय न्याय सहिंता की धारा 35 का नोटिस दिए बिना चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ में उनकी भी गिरफ्तारी हो सकती है इसलिए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाय और दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाए। दर्ज मुकदमे में पुलिस के द्वारा अरमेश कुमार के मामले में दिए गए निर्देशों का अनुपालन नही किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देशों में कहा है कि जिस मामले में सात साल से कम की सजा का प्रावधान है उसमे पुलिस को गिरफ्तारी से पहले भारतीय न्याय सहिंता की धारा 35 का नोटिस दिया जाना आवश्यक है, पुलिस ने यहाँ बिना नोटिस दिए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, जो इस आदेश का उल्लंघन है, इसलिए दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाय और उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। मामले में सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करने के साथ साथ पोडियम में तोड़फोड़ की गयी और संपति को नुकसान पहुंचाया गया गया है।

अभिमत

ईमानदारी का सुख

पहाड़ को समझना तो दूर देखना तक नहीं चाहते। क्या सिर्फ इसलिए सपनों का उत्तराखंड बनाया था? भरे मंच से कहा कि हर अफसर को केवल मलाईदार पोस्टिंग चाहिए। नौकरी लगते ही युवा मनचाही पोस्टिंग की सिफारिश लगाने लगते हैं। सारी नौकरी केवल हल्द्वानी और देहरादून में करना चाहते हैं। हर आदमी अपनी पोस्ट से पैसा कमाना चाहता है। वन क्षेत्र से अवैध कटान को मंत्री ने स्वीकार किया और कहा कि पैसों के लिए कम से कम ऐसा तो न करें। मंत्री की जिह्वा पर शायद सरस्वती उतर आई थीं।

स्वार्थवश मनुष्य सही रास्ते को छोड़ देता है, परन्तु उसे गलती का आभास जरूर होता है। उत्तराखंड के विकास का सपना साकार नहीं होने की बात धीरे-धीरे सभी स्वीकार कर रहे हैं। राज्य के वन मंत्री ने सार्वजनिक रूप से व्यथित मन से भ्रष्टाचार में डूबी नौकरशाही को बेनकाब कर दिया। वन मंत्री ने भरे मंच से कहा है कि उत्तराखंड में अधिकारी और कर्मचारियों को केवल देहरादून और हल्द्वानी में पोस्टिंग चाहिए। पहाड़ नहीं जाना चाहते। पहाड़ को समझना तो दूर देखना तक नहीं चाहते। क्या सिर्फ इसलिए सपनों का उत्तराखंड बनाया था? हर अफसर को केवल मलाईदार पोस्टिंग चाहिए। नौकरी लगते ही युवा मनचाही पोस्टिंग की सिफारिश लगाने लगते हैं। सारी नौकरी केवल हल्द्वानी और देहरादून में करना चाहते हैं। हर आदमी अपनी पोस्ट से पैसा कमाना चाहता है। वन क्षेत्र से अवैध कटान को मंत्री ने स्वीकार किया और कहा कि पैसों के लिए कम से कम ऐसा तो न करें। मंत्री की जिह्वा पर शायद सरस्वती उतर आई थीं। दबी जुबान से तो हर नेता, अधिकारी और जन सामान्य भ्रष्टाचार को स्वीकार करता है। भ्रष्टाचार देशव्यापी समस्या है। उत्तराखंड में इसे समस्या नहीं, बल्कि कटु सत्य की तरह जीवन का अभिन्न अंग मान लिया गया है। बिना भ्रष्टाचार के देवभूमि में कोई भी कार्य असंभव है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन निगम के कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए वन मंत्री ने कहा कि ईमानदारी और मेहनत करके बोनस कमाकर देखो, भ्रष्टाचार की दौलत से कई गुना अधिक सुख देगा। जिस तरह वन मंत्री को आत्मबोध हुआ है, यदि इसी तरह हर नेता को हो तो उत्तराखंड वास्तव में देवभूमि सिर्फ कहने को न रहे। वन मंत्री की सराहना के साथ यह कहना प्रासंगिक होगा कि जनता ने उन्हें चुनाव में विजयी बनाकर इसी लिए भेजा है कि वह प्रशासन तंत्र का संचालन करें। वन माफिया पेड़ों का अवैध कटान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से करते हैं। मंत्री ने पुरोला और चकराता डिवीजन में पेड़ों के अवैध कटान को स्वीकार किया है। क्या इसके लिए उन्होंने किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की? इस प्रश्न से मंत्री की भूमिका भी संदिग्ध हो जाती है। ईमानदारी का प्रवचन देने से काम नहीं चलेगा। जब मंत्री को पता है कि वन से हजारों पेड़ अवैध रूप से काटे जा रहे हैं तो मंत्री स्वयं जंगल में जाकर वहां तैनात अधिकारी व कर्मचारी से क्षति की भरपाई करायें और सेवा समाप्त करने का साहस दिखाएं।

छात्रों ने तैयार किया एग्रीनेक्सा इकोसिस्टम, मोबाइल से होगी खेत की निगरानी

काशीपुर

हमारे संवाददाता



पॉलिटेक्निक के छात्रों ने तैयार किया एग्रीनेक्सा इकोसिस्टम, मोबाइल से होगी खेत की निगरानीराजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने ऐसी स्मार्ट कृषि प्रणाली तैयार की है, जिससे किसान मोबाइल पर खेत की निगरानी कर सकेंगे। मिट्टी सूखते ही पंप अपने आप चालू होगा, जबकि बारिश होने पर बंद हो जाएगा। खेत में आग या धुआं उठने पर मोबाइल पर अलर्ट भी मिलेगा।

राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी ओम पटेल, राहुल रावत, पूजा, सानिया भारद्वाज और देव प्रताप ने स्मार्ट कृषि व पर्यावरण सुरक्षा स्वचालन प्रणाली एग्रीनेक्सा इकोसिस्टम नाम से प्रोजेक्ट तैयार किया है। इस सिस्टम का दिमाग ईएसपी32 नोडएमसीयू है। यह सिस्टम वाई-फाई और ब्लूटूथ से जुड़कर पूरे खेत की निगरानी करता है। मिट्टी में लगा कैपेसिटिव सॉइल मॉइस्चर सेंसर नमी को मापता है। जैसे ही मिट्टी सूखती है रिले के जरिए मिनी पंप अपने आप चालू हो जाता है और सिंचाई शुरू हो जाती है। अगर बारिश आ जाए तो रेन ड्रॉप सेंसर तुरंत पंप को बंद कर देता है जिससे पानी की बर्बादी रुक जाती है।

डीएचटी 11 सेंसर तापमान और आर्द्रता बताता है, इससे सिंचाई का अंतराल तय होता है। वहीं एमक्यू-2 गैस सेंसर खेत में धुआं या ज्वलनशील गैस का पता चलते ही हाई अलर्ट जारी कर देता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है इसका मोबाइल डैशबोर्ड। मिट्टी की नमी, तापमान, आर्द्रता, बारिश की स्थिति, गैस का स्तर और पंप की स्थिति सब कुछ लाइव मोबाइल पर दिखता है। किसान घर बैठे अपने खेत पर नजर रख सकता है। छात्रों के अनुसार इस प्रोजेक्ट से उन्होंने माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्रामिंग, सेंसर इंटीग्रेशन, वायरलेस कम्युनिकेशन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। भविष्य में इसमें क्लाउड डेटा लॉगिंग और स्वचालित फसल प्रबंधन भी जोड़ा जा सकेगा। प्रधानाचार्य बीपी सिंह, शिक्षक जेसी पांडे, नेहा बोरा, मनमोहन ने टीम को बधाई दी।

पुलिस ने चौपाल में साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

अल्मोड़ा। लमगड़ा पुलिस ने छड़ौजा स्थित रामलीला मंच में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने ग्रामीणों को साइबर अपराध, यातायात नियमों, महिला सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया।

अभियान के दौरान थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने इन दिनों तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी और म्यूल बैंक खातों के दुरुपयोग के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों से अनजान कॉल, फर्जी लिंक और संदिग्ध एप से सावधान रहने तथा किसी के साथ भी ओटीपी या बैंक की गोपनीय जानकारी साझा न करने की अपील की। सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए पुलिस टीम ने बताया कि दोपहिया वाहन पर चालक के साथ पीछे बैठने वाली सहसवारी के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

कालाढूंगी विस सीट से चुनाव लडने की तमन्ना है वरिष्ठ अधिवक्ता रावत की

नैनीताल

हमारे संवाददाता



हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह रावत ने नैनीताल जिले के कालाढूंगी विधान सभा सीट से चुनाव लडने हेतु कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष दावेदारी पेश की है ।

बता दें सोमवार को नैनीताल में पत्रकारों से वार्ता में अवतार सिंह रावत ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद बना उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की भावनाओं को पूरा नहीं कर सका। एक राज्य आंदोलनकारी होने के नाते उनकी मंशा है कि विधान सभा में जाकर साफ -सुथरी राजनीति के रूप में एक आदर्श विधायक की मिशाल पेश की जाय । कहा कि वर्ष 1994 के मुजफ रनगर कांड के कुछ समय बाद जब राज्य में आंदोलन धीमा पडने लगा था तब उन्होंने वकालत छोड रे जंतर मंतर दिल्ली में महीनों तक धरना प्रदर्शन जारी रखा और महीने में दो दिन रैली निकालने का जिमना उठाया और जनांदोलन के जरिये राजनीति दलों को पृथक राज्य की मांग को अपने एजेंडे में रखने को विवश किया । कहा कि वे लंबे समय से कालाढूंगी विधान सभा क्षेत्र में राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं, उनका कालाढूंगी के निकट पदमपुर चुनाखान में घर भी है, वे कांग्रेस शासन के समय हाईकोर्ट में वरिष्ठ अपर महाधिवक्ता भी रह चुके हैं साथ ही उन्होंने कई जनहित याचिकाओं में निःशुल्क पैरवी की है जिसमें स्टुर्जिया भूमि घोटाला से जुड़ी याचिका मुखय थी । अवतार सिंह रावत ने कहा कि भाजपा झूठ-फरेब व जनता को गुमराह कर सत्ता में काबिज है । भगवान राम के नाम पर सत्ता में आने के बाद इन्होंने राम मॉदिर में हुए चढ़ावे की चोरी की और चढ़ावा चोरी के एक भी आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई । देवभूमि उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जनता ने लंबा संघर्ष किया और जब दबाव में सरकार ने सीबीआई जांच की घोषणा की तो अंकिता की हत्या के लिये जिममेदार बीआईपी को संवैधानिक पद पर बैठा दिया गया, जहां उनसे सीबीआई उनसे पूछताछ तक नहीं कर सकती । ऐसे में इस सी बीआई जांच का कया औचित्य है? कहा कि कांग्रेस पूरे देश में भाजपा के झूठ-फ रेब,पाखंड व भ्रष्टाचार के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में आंदोलन कर रही है और वे भी इस आंदोलन में शामिल हैं ।

फिल्मी दुनिया

फिल्म चोर निकल के भागा 2 के दूसरे पार्ट का हुआ एलान



साल 2023 में आई फिल्म चोर निकल के भागा की सफलता के बाद अब इसका दूसरा पार्ट चोर निकल के भागा 2 आने वाला है। फिल्म में एक बार फिर यामी गौतम और सनी कौशल की जोड़ी नजर आएगी।

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अजय सिंह कर रहे हैं। इस बार फिल्म की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां पहली फिल्म में हवाई जहाज के अंदर हीरे की चोरी की कहानी दिखाई गई थी, वहीं इसके दूसरे पार्ट में चोरी का खेल एक क्रूज शिप पर देखने को मिलेगा। इस बार कहानी का फोकस एक बेशकीमती मुकुट होगा। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का ऐलान करते हुए इसकी रिलीज डेट भी बताई है। चोर निकल के भागा 2 17 दिसंबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें समुद्र के पानी में एक कीमती मुकुट तैरता नजर आ रहा है और पीछे एक क्रूज शिप दिखाई दे रही है। पोस्टर से फिल्म की नई कहानी और चोरी के नए अंदाज की झलक मिलती है। नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, चोर फिर से निकलकर भागने वाला है। क्या आप तैयार हैं? देखिए चोर निकल के भागा 2, 17 दिसंबर से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

पुरानी कास्ट के साथ जुड़ीं नई मेंबर

फिल्म में यामी गौतम, सनी कौशल और शरद केलकर एक बार फिर अपनी पुरानी भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे। वहीं, श्रेया चौधरी इस बार नई सदस्य के तौर पर फिल्म से जुड़ी हैं। यामी गौतम और सनी कौशल एक बार फिर चोरी और सस्पेंस से भरी कहानी लेकर लौट रहे हैं।

हाईकोर्ट ने दिए आरोपी अनुष्का बुधाथोकी को बरी करते हुए तुरंत रिहा करने के आदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने 1.440 किलो चरस की बरामदगी के मामले में निचली अदालत से मिली 20 साल की सश्रम कैद की सजा रद्द कर दी। कोर्ट ने आरोपी अनुष्का बुधाथोकी को बरी करते हुए उसे तुरंत रिहा करने के आदेश दिए।

न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने 20 नवंबर 2026 को यह फैसला सुनाया।अभियोजन के अनुसार 7 अप्रैल 2021 को धारचूला पुल (भारत-नेपाल सीमा) पर तैनात एसएसबी कर्मियों ने करीब 11.50 बजे एक महिला को रोका। उसकी जांचें पर कुछ बंधा दिखा, तलाशी में भूरे काले रंग की चरस की पट्टियां मिलीं जिनका वजन 1.440 किलो था। महिला को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत गिरफ्तार किया गया। पिथौरागढ़ के विशेष सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस) ने अगस्त 2023 में उसे धारा 20 (बी)(आई)(सी) में 20 साल की कैद और 1.5 लाख रुपये जुर्माने की सजा दी थी। जुर्माना न देने पर 5 साल की अतिरिक्त कैद का प्रावधान था। कोर्ट ने पाया कि तलाशी लेने वाली टीम को कार्रवाई से पहले ही पता था कि महिला चरस ले जा रही है। पीडब्लू-5,पीडब्लू-6 और कमांडेंट पीडब्लू-7 के बयानों से यह साफ हुआ। इसके बावजूद आरोपी को मजिस्ट्रेट या राजपत्रित अधिकारी के सामने तलाशी कराने का विकल्प नहीं दिया गया। कोर्ट ने इसे धारा 50 का पूर्ण उल्लंघन बताया और कहा कि इससे बरामदगी और सजा दोनों दूषित हो जाते हैं। फैसले में सुप्रीम कोर्ट के विजयसिंह चंदूभा जडेजा बनाम गुजरात राज्य (2011) का हवाला दिया गया जिसमें धारा 50(1) को अनिवार्य और सख्ती से पालन योग्य बताया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी अपराह्न 1.10 बजे हुई लेकिन थाना सिर्फ 200 मीटर दूर होने के बावजूद एफ आईआर शाम 4.45 बजे दर्ज हुई। इस देरी का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया हालांकि वीडियो मशीन अपराह्न करीब 2 बजे लेने की गवाही पर आंशिक बचाव पक्ष की दलील को कोर्ट ने कमजोर माना।सरकारी पक्ष ने इसे आकस्मिक बरामदगी बताया और व्यावसायिक मात्रा की चरस मिलने का तर्क दिया। कोर्ट ने कहा कि अचानक तलाशी में धारा 50 का पालन शायद संभव न हो लेकिन इस मामले में पहले से जानकारी होने के कारण यह तर्क टिक नहीं सकता।कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला किसी अन्य मामले में वांछित न हो तो धारा 437 ए सीआरपीसी के तहत निजी मुचलके और दो जमानतों पर तुरंत रिहा की जाए। अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कपूरे और राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता मनीष राणा सिंह पेश हुई।

News कॉर्नर

कनौरा में चकबंदी शुरू होने से भड़के किसान

बाजपुर। गांव कनौरा में चकबंदी प्रक्रिया शुरू होने से नाराज किसान और ग्रामीणों ने एसडीएम का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गांव में चकबंदी नहीं कराने की मांग की है। सोमवार को गांव कनौरा के किसान और ग्रामीण एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर एसडीएम वक्षा सिंह का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 1992 में ही चकबंदी संबंधी शासनादेश जारी हो चुका है। एक पखवाड़े से चकबंदी कर्मचारियों का गांव में आना-जाना शुरू हो गया है।

एमबी मैदान में 250 स्टालों के साथ सजेगा राष्ट्रीय सरस मेला, आज से जुटेगा देशभर का हुनर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आज मंगलवार से देशभर के हुनर, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का संगम सजने जा रहा है। आज से 3 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सरस मेले में करीब 250 स्टालों पर विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूह, महिला उद्यमी, कारीगर और स्थानीय उत्पादक अपने उत्पादों के साथ दस्तक देंगे। मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने मैदान पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को अंतिम तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सरस मेला ग्रामीण उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प और महिला स्वयं सहायता समूहों के हुनर को बाजार तक पहुंचाने का बड़ा मंच बनेगा। देश के अलग-अलग राज्यों के उत्पादों के साथ स्थानीय उद्यमों को भी यहां अपनी पहचान और बिक्री बढ़ाने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला कमांडेंट होमगार्ड को 20 जवान तैनात करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्टालों की व्यवस्थित स्थापना, पेयजल, शौचालय, बिजली, पार्किंग, साफ-सफाई और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेले में देशभर से आने वाले समूहों और उद्यमियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आगंतुकों की भीड़ को देखते हुए आवागमन सुचारू रखने, पर्याप्त पार्किंग और सुरक्षा के इंतजाम पहले से सुनिश्चित किए जाएं। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय सरस मेला ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री के लिए बेहतर मंच प्रदान करता है। मेले को आकर्षक, भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, जिससे अधिक से अधिक लोग मेले तक पहुंच सकें। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, सहायक परियोजना अधिकारी चंद्रा फत्याल, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, अधिशासी अभियंता जल संस्थान रवि शंकर लोसाली, जिला कृषि अधिकारी संतोषी, जिला खाद्य अधिकारी मनोज कुमार बर्मन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का हल्लाबोल, राजभवन घेरने की तैयारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा और सरकार की जवाबदेही के मुद्दे पर कांग्रेस ने अब हस्ताक्षर अभियान के जरिए सियासी मोर्चा खोल दिया है। रविवार को जेल रोड चौराहा, हीरानगर में ब्लॉक कांग्रेस बमोरी और महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त अभियान चलाकर लोगों से समर्थन जुटाया।

अभियान में विधायक सुमित हृदयेश, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट और ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे समेत नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि प्रदेशभर में ब्लॉक स्तर पर जुटाए गए हस्ताक्षर 26 नवंबर को संविधान दिवस पर राजभवन कूच के दौरान राज्यपाल को सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाब देना होगा। कृषि मंत्री से जुड़े हाईकोर्ट के मामले और 210 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर सामने आए आरोपों का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। वहीं हेम पांडे ने कहा कि अभियान को गांव, वार्ड और मोहल्लों तक पहुंचाकर जनता को इससे जोड़ा जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने साफ किया कि हस्ताक्षर अभियान के बाद भी जनहित के मुद्दों पर आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान हेमंत बगड़वाल, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, शोभा बिष्ट, मधु सांगुड़ी, गुरप्रीत प्रिंस, पार्षद नीमा भट्ट, दीप चंद्र पाठक, मयंक भट्ट, सुहैल सिद्दीकी, विनय भट्ट, गोविंद बगड़वाल, कौशलेन्द्र भट्ट, मनोज भट्ट, महेशानंद, रिंकू बिष्ट, सीमा लोहनी, रत्ना श्रीवास्तव, मंजू पांडे, विमला सांगुड़ी, राजेंद्र उपाध्याय, रोहित सांगुड़ी, गिरजा तड़ागी, महेंद्र परिहार, जाकिर हुसैन और सलीम सिद्दीकी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चार मुकदमों का आरोपी छह महीने के लिए जिला बदर, काठगोदाम पुलिस ने जिले से निकाला बाहर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



मारपीट, धमकी और आबकारी अधिनियम के मामलों में नाम सामने आने के बाद काठगोदाम क्षेत्र के एक आरोपी पर आखिरकार जिला बदर की कार्रवाई हो गई। पुलिस ने चार मुकदमों का हवाला देते हुए रोहित आर्या को छह महीने के लिए नैनीताल जिले की सीमा से बाहर कर दिया।

पुलिस के अनुसार, नवाड़खेड़ा, गौलापार निवासी रोहित आर्या पुत्र प्रेम राम के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर छह माह के जिला बदर की कार्रवाई की गई है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार जनपद नैनीताल की सीमा से बाहर छोड़ा। पुलिस के मुताबिक रोहित आर्या के खिलाफ काठगोदाम कोतवाली में चार मुकदमे दर्ज है। मारपीट, गाली-गलौज और धमकी आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे दर्ज है पुलिस का कहना है कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बाल विवाह पर जागरूकता की घंटी, मेयर ने रवाना किया मुक्ति रथ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बच्चों का बचपन बचाने और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर चोट करने के लिए अब जागरूकता अभियान गांव-गांव पहुंचेगा। रविवार को नगर निगम हल्द्वानी में आयोजित सभा के दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और जेआरसी के अभियान के तहत आईएसडी संस्था नैनीताल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल हिंसा, शोषण और बच्चों के अधिकारों पर चर्चा हुई। संस्था के संस्थापक डॉ. अमित कुमार वशिष्ठ और विद्याग्राशिनों के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर गजराज सिंह बिष्ट और नगर आयुक्त ने की। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर सीधा हमला है। इसे रोकने के लिए सरकारी विभागों के साथ समाज और आम नागरिकों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। जागरूकता के लिए जादू और मनोरंजक कार्यक्रमों के जरिए लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए गए। मेयर ने कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित बचपन देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर आयुक्त ने भी बाल संरक्षण के लिए जनभागीदारी और जागरूकता को जरूरी बताया। रवाना किया गया मुक्ति रथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करेगा। कार्यक्रम में सीडीपीओ किरणलता जोशी, वर्षती, पूनम, अनीता, रेनू मर्तोलिया, पार्वती, वसुधा, कविता, शर्मिला, नीलम, समाज कल्याण विभाग के दिलीप कुमार और मिशन मुक्ति के अभिमन्यु सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आईएसडी संस्था के जिला समन्वयक विनोद कुमार तमता, अभिषेक कुमार, कुबेर सिंह, सौरभ कुमार, रजनी, चांदनी और हेमा सहित अन्य सहयोगियों ने अभियान में भागीदारी की। अंत में सभी ने बाल विवाह, हिंसा और शोषण के खिलाफ मिलकर काम करने का संकल्प लिया।



सुरक्षा अधिकारी बनकर फैक्टरी में घुसे दो संदिग्ध

खटीमा। खटीमा की एक फैक्टरी में दो संदिग्ध सुरक्षा अधिकारी बनकर घुस गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईस्टर इंडस्ट्रीज कंपनी के सुरक्षा अधिकारी मुतप्पा औरसंग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 नवंबर को दो लोग नेशनल सिक्योरिटी सर्विस लखनऊ शाखा के अधिकारी बनकर आए।

पीआरडी जवानों ने विकास भवन में की तालाबंदी, लाठीचार्ज

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

देहरादून में मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे पीआरडी जवानों पर लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को अल्मोड़ा में भी जवानों ने मोर्चा खोल दिया।

नाराज जवानों ने विकास भवन में प्रदर्शन कर जिला युवा कल्याण कार्यालय में तालाबंदी की। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर लाठीचार्ज की निंदा की। जवानों ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे जवानों पर लाठीचार्ज करना गलत है। उन्होंने घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

साथ ही होमगार्ड की तरह वेतन और सालभर रोजगार देने की मांग दोहराई। कहा कि साल में कुछ महीने ही काम मिलने से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। लंबे समय से मांग उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ है। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने और दोषियों पर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन में नवल बिष्ट, भागवत सिंह, राजेंद्र कनवाल, कमल भाकुनी, मोहन लाल, माधव सिंह, प्रेम सिंह, अमित कुमार, हरीश सिंह, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसा: दो घरों के बुझ गए चिराग, किसी ने इकलौता बेटा खोया तो किसी ने भाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



बिल्टी-मझोला मार्ग पर हुए सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे में साहिल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जबकि मोनिश आठ भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। दोनों की मौत से परिवारों में मातम पसरा है।

साहिल अंसारी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं। पिता मोहम्मद यासीन के बुढ़ापे का सहारा और दोनों बहनों का लाडला भाई अब हमेशा के लिए उनसे बिछड़ गया। साहिल ने 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजकीय पीजी महाविद्यालय खटीमा में बीएससी में दाखिला लिया था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं। माता-पिता बेटे को पढ़ा-लिखाकर आगे बढ़ते देखना चाहते थे, लेकिन एक सड़क हादसे ने उनके सारे सपने उजाड़ दिए। इकलौते बेटे की मौत से पिता और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, दोनों बहनों के सिर से भाई का साया उठ गया। मोनिश खान आठ भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। वह तिरंगा चौराहे के पास एक ट्रक गैराज में मैकेनिक का काम कर परिवार की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाता था। उसकी मौत से परिवार ने अपना एक सदस्य ही नहीं, बल्कि घर की खुशियों और उम्मीदों का हिस्सा भी खो दिया।

हादसे में घायल जुनैद भी तीन भाई-बहनों में एक है। वह सिडकुल की एक दुकान में वेल्डिंग का काम करता था। इसी साल अप्रैल में वह दुबई से घर लौटा था। तीनों दोस्तों ने शिवालिक इंटर कॉलेज से 12वीं तक की पढ़ाई की थी। पढ़ाई के बाद सभी अपने-अपने काम में जुट गए, लेकिन उनकी दोस्ती बरकरार रही। इधर, परिजनों ने बताया कि नमाज अदा करने के बाद तीनों करीब साढ़े आठ बजे बाइक से सितारगंज जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वहां से तीनों बिल्टी-मझोला मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में चाय पीने चले गए, इसी बक्त अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। चाय की एक छोटी-सी मुलाकात की उम्मीद लेकर निकले तीन दोस्तों में से दो की जिंदगी हमेशा के लिए थम गई। अब दोनों परिवारों के घरों में खुशियों की जगह मातम और अपनों को खोने का असहनीय दर्द रह गया है।